**जांच शुरु** ▶ मृतक महिला समूह चलाता था, पटेरा से मंगलवार की शाम निकला था

# पत्थरों में दबी मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका



**नवभारत,दमोह 29 जनवरी।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के ग्राम सगोनी खुर्द में एक अज्ञात युवक की लाश पत्थरों से दबी हुई मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। मृतक की शिनाख्त महिला समूह चलाने वाले विनोद अहिरवार निवासी कुड़ई पटेरा के रूप में हुई। विनोद महिला समूह चलाता था और पटेरा से मंगलवार की शाम निकला था, जो बुधवार की सुबह बातचीत नहीं होने पर परिजनों को संदेह हुआ और वह चौकी इमलिया पहुंचे और इमलिया पुलिस को सूचित कर तलाश शुरू की.

### पुलिस जांच में जुटी

इस दौरान एक अज्ञात शव पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर के बाद युवक की पत्थर पटक कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल मौके पर तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर, अरविंद सिंह थाना प्रभारी तेजगढ़, चौकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ के अलावा पुलिस ने पहुंचकर जांच प्रारंभ कर दी है और हत्या क्यों हुई है कैसे हुई है इसकी बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है.

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत



दमोह में ओमनी कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो जाने का दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है. जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदुआ मानगढ़ आम की तलैया के पास ओमनी कार ने बाजार कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार वीरन आदिवासी को बुधवार की शाम 5 बजे टक्कर मार दी. घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया.

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




**नवभारत,हिंडोरिया।** नगर के बुंदेलखंड आईटीआई कॉलेज व बुंदेलखंड पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रगान के साथ अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सूरज ताम्रकार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात शाला के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य,गीत, नाटक व सामूहिक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात पूर्व में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम आने वाले छात्र लाभांश चौरसिया को 7000 व द्वितीय स्थान पाने वाली छात्रा आयुशी साहू को 5000 के अलावा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कीर्ति साहू को 3000 रुपये की राशि प्रदान कर मुख्य अतिथि ताम्रकार द्वारा सम्मानित किया गया।




## छात्राओं को दी कुष्ठ रोग की जानकारी

**कन्या छात्रावास में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित**

**नवभारत,दमोह।** शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास दमोह में छात्राओं को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत प्रशिक्षक बीएम दुबे ने बताया कि कुष्ठ रोग साध्य है तथा बहु औषधि उपचार के नियमित सेवन से यह ठीक हो जाता है।

उन्होंने कुष्ठ रोग के लक्षण एवं बचाव के बारे में एक गीत के माध्यम से जानकारी दी। एनएमए केआर पाण्डेय ने बताया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टेरियम लेप्रा नामक जीवाणु से पैदा होता है तथा इस रोग में चमड़ी के रंग से फीका पीला या गुलाबी दाग होता है, जिसमें सुन्नपन होता है। एनएमए संजय दुबे ने कुष्ठ के प्रकार पीबी एवं एमबी के बारे में बताया, साथ ही कुष्ठ के बारे में फैली भ्रांतियों की जानकारी दी। इस मौके पर छात्रावास की अधीक्षिका रचना अहिरवार व छात्राओं की मौजूदगी रही।



## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**बड़ी भुअन खैर माता मंदिर रसुईया में भगवत कथा का अयोजन**

**कुम्हारी नवभारत 29 जनवरी।** श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कथा वाचक राममिलन दुबे द्वारा किया गया। बड़ी भुअन खैर माता मंदिर में कथा का रसपान रसुईया, पटना, बक्सरी, आदि गावों के भक्तों द्वारा लिया जा रहा है। कथा में बाल कृष्ण द्वारा माखन चोरी, पूतना वध, कालिया नाग दमन, यशोदा माता के साथ उनकी शरारतें और गोवर्धन पर्वत धारण कर इंद्र का अभिमान चूर करने के प्रसंग सुनाए गए। श्रीकृष्ण की गोकुल में बाल लीलाओं, जैसे माखन चोरी और यशोदा मां द्वारा उन्हें रस्सी से बांधने का वर्णन किया गया। कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना का कृष्ण द्वारा वध करने की कथा सुनाई गई।

### इंद्र का अहंकार तोड़ा

भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर सात दिनों तक धारण करने और इंद्र के अहंकार को तोड़ने व गोवर्धन उत्सव के दौरान गोपियों द्वारा भगवान को 56 भोग अर्पित करने की लीला का वर्णन किया गया। यमुना में कालिया नाग का मर्दन करने की कथा भी सुनाई गई।

# पहला सुख निरोगी काया, दूसरा जेब में हो माया : प्रज्ञा देवी

**1008 श्री श्री मारुति महायज्ञ कथा में कहा- हनुमान का जाप करने से प्राप्त होती है विशेष कृपा**

**नवभारत,पथरिया 29 जनवरी।** बांसाकलां बडे तालाब स्थित बडे हनुमान मंदिर में मंहत रघुनंदन गिरि नागा महाराज के सानिध्य में यज्ञाचार्य प्रदीप महाराज व विद्वानों के मार्गदर्शन में 21 से 30 जनवरी तक चलने वाले 1008 श्री श्री मारुति महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है।

आठवें दिन हनुमान कथा पर प्रज्ञा देवी ने कहा कि जो व्यक्ति हनुमान की शरण में पहुंचकर प्रतिदिन जाप करता है, तो उसे हनुमान महाराज की विशेष कृपा प्राप्त होती है. इसलिए तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में लिखा है कि सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना। इस चौपाई का जाप करने से व्यक्ति को हनुमान महाराज की विशेष कृपा रहती है जीवन में सुख की प्राप्ति होती है किसी प्रकार का डर नहीं रहता।



### शरीर रोगी है तो आप धन कैसे कमाएंगे

उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख जेब में हो माया, यदि काया अर्थात शरीर रोगी है तो आप धन कैसे कमाएंगे, यदि पहले से ही अपार धन है तो वह किसी काम का नहीं। धन से कोई रोग नहीं मिटता, शरीर स्वस्थ और सेहतमंद है तभी तो आप जीवन का आनंद ले सकेंगे। घूमना-फिरना, हंसी-मजाक, पूजा-प्रार्थना, मनोरंजन आदि सभी कार्य अच्छी सेहत वाला व्यक्ति ही कर सकता है।

### यज्ञ मंडप की परिक्रमा व दर्शन करने उमड़ी भीड़

आठवें दिन गुरुवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए जनसैलाब उमड़ा। हालांकि इस धार्मिक कार्य में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सहभागिता काफी अधिक रही। यज्ञस्थल पर श्रद्धा एवं विश्वास के साथ पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु परमानंद की अनुभूति प्राप्त करते नजर आए।

### आज समापन पर होगा भंडारे का आयोजन

यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चारण से वायुमंडल गुंजायमान हो रहा है। इस दौरान भगवान हनुमान के जयघोष एवं हर-हर महादेव से पूरा परिसर गुंजायमान होता रहा. इस अवसर पर रघुनंदन गिरि नागा महाराज ने भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं। हनुमान प्रांगण में शुक्रवार को यज्ञ के समापन के अवसर पर विशाल भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर में



### पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा आयोजित

**नवभारत,दमोह।** स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पूर्व शिक्षा विभाग परिसर में 22 जनवरी से प्रारंभ श्री शतचंडी महायज्ञ यज्ञ पूर्णाहुति 27 जनवरी को हुई. 28 जनवरी को विशाल भंडारा आयोजित किया गया. इसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की. इस पुण्य कार्य में मंदिर पुजारी पंडित अजय गर्ग, समिति अध्यक्ष आर के मिश्रा, उपाध्यक्ष नरेंद्र नायक, सचिव पीएल, दुबे, डॉ स्थापक, रवि शंकर दुबे, रामप्रकाश मिश्रा, सोमनाथ पांडे, पूरन लाल तिवारी, प्रशांत सेंडे, आर्यन गर्ग, चंद्र गोपाल पौराणिक, जागेश्वर धाम बांदकपुर के रामकृपाल पाठक, कुंजी लाल डिम्हा, रवि शास्त्री व अनेक विद्वान पंडितों व भक्तों की उपस्थिति रही.



### श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर शिवालय में हुआ संकीर्तन

**नवभारत,दमोह.** शहर में श्री गौर राधा रमण की प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी नगर में निकलती है. इसी क्रम में प्रत्येक गुरुवार को विवेकानंद नगर श्री शिव पिपलेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय विवेकानंद कॉलोनी सिविल वार्ड 6 में शिवालय में समापन संकीर्तन हरि हर मिलन से हुआ. जहां पर सभी कॉलोनी वासियों ने पुष्पवर्षा कर श्री राधे की भव्य अगवानी की. गौर राधा रमण भक्त मंडल द्वारा श्री राधे संकीर्तन पर भजन कीर्तन पर खूब नाचे. उसके बाद गौर राधा रमण और श्री शिव की आरती कर कॉलोनीवासियों ने श्री राधे राधे मंडल का स्वागत किया.



### धर्मीदेवी जसूजा के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**नवभारत,दमोह।** शहर के झूलेलाल मंदिर में माता धर्मीदेवी जसूजा की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. ब्रह्मलीन बाबा गुरमुख दास की धर्मपत्नी व साईं लाल दास की माता की श्रद्धांजलि में आयोजित इस कार्यक्रम में दमोह सिंधी समाज पंचायत, झूलेलाल सेवा समिति, संत निरंकारी मिशन, योग वेदांत सेवा समिति दमोह द्वारा विशेष आयोजन किया गया.इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने धर्मीदेवी जसूजा के जीवन और उनके समाज में योगदान को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की.

# दमोह ओंकार व णमोकार की पावन धरती है : सुमित

▶ **राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी हुए अतिथि के रूप में हुए शामिल**

**नवभारत,दमोह 29 जनवरी।** बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव के अंतर्गत बुधवार की रात्रि राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश के चर्चित राष्ट्रीय कवि सुमित ओरछा ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि दमोह ओंकार और णमोकार की पावन धरती है, जहां बाबा जागेश्वर का आशीर्वाद और कुंडलपुर में बड़े बाबा विराजमान हैं।

कवि सुमित ओरछा ने बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित इस विशाल व भव्य मेले की सराहना करते हुए अपनी प्रभावशाली कविता से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में हास्य कवि मुन्ना बैटरी ने अपनी हास्य रस की कविताओं से दर्शकों को खूब हंसाया। अमन अक्षर एवं डॉ. शशि श्रेया ने भी अपनी शानदार काव्य प्रस्तुतियों से माहौल को भावपूर्ण बना दिया। पूरा कवि सम्मेलन तालियों की गूंज और उत्साह से सराबोर रहा।



### विजया शर्मा की टीम के कार्यक्रम को दर्शकों ने सराहा

इस दौरान अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री पर्यटन व संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मेले की संरक्षक डॉ सुधा मलैया विशेष तौर पर मौजूद रहे। महोत्सव की श्रृंखला में गुरुवार को विजया शर्मा व उनकी टीम द्वारा श्रीराम की शक्ति पूजा नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### प्रतिभागियों ने दीं आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां

बुंदेली दमोह महोत्सव में प्रतिदिन आयोजित होने वाले नागरिक सम्मान समारोह के अंतर्गत जिले की उन विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है, जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही मेले में आयोजित नृत्य श्री प्रतियोगिता का क्रम लगातार जारी है, जिसमें गुरुवार को भी प्रतिभागियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। गुरुवार को आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को समिति की ओर से सम्मानित किया गया।




## भगवान की भक्ति की ज्योति जलाते रहे

▶ **महाराज नीरज ने कहा- प्रहलाद ने कई विघ्नों के बाद भी भक्ति का त्याग नहीं किया**

**नवभारत,दमोह।** शहर के असाटी वार्ड-1 स्थित संस्कार भवन में आयोजित तृतीय दिवस की कथा सम्पन्न हुई। इस पावन बेला में महाराज नीरज नयन द्वारा कपिल देव हुती संवाद का गान किया गया। ध्रुव चरित्र सती चरित्र आदि का गान किया गया. सुखदेव महाराज की चर्चा करते हुए विशेष रूप से प्रहलाद चरित्र का गान हुआ. मुख्य प्रसंग यही है प्रहलाद की भक्ति प्रतिकूलताओं की भक्ति है. इतने विघ्न आए उनके जीवन में और कोई बाहर से सताने वाला नहीं घर में ही लोग परेशान करने वाले थे. इसके बाद भी उन्होंने अपनी भक्ति का त्याग नहीं किया. इसका अर्थ है कि जिनके जीवन में भक्ति करना है उनको कितनी भी विषमताएं आए उन विषमताओं का सामना करते हुए भगवान की भक्ति की ज्योति जलाते रहना चाहिए। मुख्य श्रोताओं में राजमति असाटी, गीता टेकचंद असाटी, विमला, उषा द्वारका, सुहागरानी, अहिल्या असाटी और समस्त असाटी समाज शामिल रहे।

**हिन्दू सम्मेलन** ▶ वक्ताओं ने शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पंच परिवर्तनों से जुड़ने की अपील की

# परिवार की नारी महान होगी तो बेटा भी वैसा ही होगा : साध्वी सरस्वती





**नवभारत,दमोह 29 जनवरी।** संघ के शताब्दी वर्ष की कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित हो रहे हिन्दू सम्मेलनों में गुरुवार को नगर में हिन्दू सम्मेलन पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया. इसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए और वक्ताओं के विचारों को सुना.

सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता, राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर हुआ. मंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति में बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका और कविताओं की प्रस्तुति दी और समापन भारत माता की आरती और सहभोज के साथ किया गया. इस दौरान प्रमुख वक्ताओं के रूप में पधारीं साध्वी सरस्वती देवी, राष्ट्रीय सेविका समिति शैलजा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक प्रभात ने अपने विचार रखे.

### सनातन छोड़ने वालों घर वापसी कर लो

साध्वी सरस्वती देवी ने कहा कि धर्म छोड़ने वाला कहीं भी जाए, कही भी रहे लेकिन मृत्यु के बाद पंच महाभूतो में ही मिलना होगा. मैं आज सभी सनातन छोड़ने वालों से अनुरोध करती हूं कि सनातन में घर वापसी कर लो. यहां सभी हिन्दू आपका तिलक लगाकर स्वागत करेंगे. उन्होंने महिलाओं से कहा कि हमारे धर्म में सात जन्मों के बंधन होता है, जिसे आज जेंडर इक्विलिटी के नाम पर तोड़ा जा रहा है. परिवार की नारी यदि महान होगी तो बेटा भी महान होगा.

### धर्म और देशभक्ति की दी गईं प्रस्तुतियां

मंचीय कार्यक्रमों में सनातन और देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियां आयोजन का विशेष आकर्षण रही.ऑपरेशन सिंदूर, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित नृत्य नाटिका के साथ मातृशक्ति का धार्मिक गीतों पर नृत्य के साथ देशभक्ति और सनातन पर आधारित कविताओं का वाचन को लोगों द्वारा सराहा गया.

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कथा वाचक वैष्णवी गर्ग, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, विधायक जयंत मलैया, नरेंद्र बजाज, मालती असाटी,मनीषा पवन तिवारी,संगीता श्रीधर,अमित बजाज,दीपक तिवारी, गौरव पटेल, महेश पटेल,भावसिंह,सरपंच जयपाल यादव, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, चौकी प्रभारी प्रशीता कुर्मी आदि मौजूद रहे.

### प्रियदर्शन दुबे एसडीओ बने

**नवभारत,दमोह.** वसुंधरा कॉलोनी निवासी प्रियदर्शन दुबे का चयन एमपीपीएससी राज्य अभियांत्रिकी सेवा में एसडीओ पीडब्ल्यूडी के रूप में हुआ. वर्तमान में प्रियदर्शन दुबे देवघर, बाबा बैजनाथ धाम (झारखंड) में एसडीओ (सिंचाई विभाग) पद पर कार्यरत हैं.

**न्यायालय, सहायक अधीक्षक, नजूल नवकरण दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)**

**इश्तहार**

राज.प्र.क्र.- /अ 6/202526

मध्यप्रदेश भू- राजस्व संहिता 1959 की धारा 110(3) के अंतर्गत सर्वसाधरण को इश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है नूजूल शीट न. 62 प्लाट न. 164/23 रकवा 416 वर्गफुट मकान पर काशीबाई जोजे श्रीधर कुर्मी सा. दमोह का नाम शामिल खाते में दर्ज है। आवेदक बृजेश शुक्ला पिता देवमन शुक्ला निवासी सिविल वार्ड न.4 दमोह मोबाईल न.-7566687745 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। कि नजूल अभिलेख में दर्ज करने का निवेदन किया गया है।यदि उक्त उपरोक्त प्लाट पर आवेदक का रजि. विक्रय पत्र आधार पर नामांतरण होने यदि किसी व्यक्ति या भूमि से हित रखने वाले पक्षकार को यदि कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 04/02/2026 तक न्यायालयीन समयावधि में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद के किसी तरह की कोई आपत्ति ग्राहय नहीं की जावेगा. आज दिनांक 19/01/2026 को जारी किया गया।

**सहायक अधीक्षक**
**नजूल नवकरण दमोह**